महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
ज्ञान शांति मैत्री
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

# हिंदी विवि में बालदिवस पर मजदूरों के बच्चों को कुलपति राय ने बांटी शालें

## सामाजिक सरोकार की दिशा में अनूठी पहल



*मजदूर तथा कर्मियों के बच्चों के साथ कुलपति राय, प्रतिकुलपति प्रो. अरविंदाक्षन, प्रो. रामशरण जोशी, डॉ. सुरेश शर्मा, श्री नरेन्द्र सिंह, डॉ. राजेश्वर सिंह, डॉ. आर पी यादव तथा अन्य*

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ने बाल दिवस के अवसर पर एक अनूठी पहल करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत मजदूर तथा अस्थायी रूप से कार्यरत कर्मियों के बच्चों को शालें वितरित की। विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स पर सोमवार को बालदिवस के उपलक्ष्य में कुलपति विभूति नारायण राय की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन, जाने-माने मीडियाविद प्रो. राम शरण जोशी तथा विशेष कर्तव्याधिकारी नरेन्द्र सिंह मंचस्थ थे।

इस अवसर पर कुलपति राय के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न भवनों के निर्माण में कार्यरत मजदूर तथा विवि में अस्थायी रूप से कार्यरत कर्मियों के बच्चों को शालें वितरित की। प्रमोद नामलवार, योगेश पेचे, संतोष सहारे, सुशील कंसरे, पुष्पाबाई, लताबाई, दुर्गाबाई, निर्मलाबाई, मायाबाई, विनोद फुलझेले, उमेश प्रजापति, रमेश परतेकी, विजय मोहुर्ले, नितीन आडे, नितीश तीरपुडे, पदमाकर सुरजूसे, दुर्गा प्रसाद, रूदल प्रजापति, योगेश दौड़, मनोज कुमार, सुभाष पाटील, सतीश ब्राम्हणे, गणेश बालवे, देवीदास पाटील तथा लक्ष्मण वाघमारे आदि अभिभावकों की उपस्थिति में उनके बच्चों को शालें प्रदान की। इस अवसर पर कुलपति राय ने सभी बच्चों को बालदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनकी शिक्षा के लिए अभिभावकों को प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में कार्यरत मजदूरों के बच्चे शिक्षा से वंचित न रह जाए इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा विशेष पाठशाला शुरू की जा रही है। बालदिवस के लिए प्रो. राम शरण जोशी ने अपने भाई

सुरेश जोशी की स्मृति में मजदूरों के बच्चों के लिए शॉलें उपलब्ध कराकर सामाजिक सरोकार की दिशा में एक मिसाल स्थापित की है। उनकी इस पहल के प्रति कुलपति राय ने उनका आभार जताया।



*बच्चे को शाल प्रदान करते हुए कुलपति विभूति नारायण राय*

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हिंदी विश्वविद्यालय ने मजदूरों के बच्चों के लिए एक विशेष पाठशाला प्रारंभ करने की घोषणा की थी और इस दिवस पर भी प्रो. रामशरण जोशी ने मजदूरों के बच्चों को स्लेट, पैंसिल व शिक्षा के उपयोग में आने वाली शिक्षा सामग्री उपलब्ध करायी। बालदिवस के अवसर पर विवि के इस सामाजिक पहल से मजदूर व उनके बच्चों के चेहरे पर मुस्कुराहट साफ नज़र आ रही थी। समारोह की पीठीका रिसर्च एसोसिएट मिथिलेश कुमार ने रखी तथा संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी एस मिरगे ने किया। इस अवसर पर रायटर इन रेजिडेंट डॉ. सुरेश शर्मा, सहायक कुलसचिव डॉ. राजेश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर आर. पी. यादव, सहायक अभियंता तुषार वानखेडे, सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र घोडमारे, सहायक सुरक्षा अधिकारी रमेश दामले, शोधार्थी, विद्यार्थी तथा कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

*बी एस मिरगे*
*जनसंपर्क अधिकारी*